पाठ-१२

अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

STUDY NOTES

- **परिभाषा-**

  अनेक शब्दों के स्थान पर प्रयोग किए जाने वाले एक शब्द को अनेक शब्दों के लिए एक शब्द कहते हैं।

  उदाहरण-

  १. श्याम मेरा बड़ा भाई है।

  श्याम मेरा अग्रज है।

  २. हम साथ-साथ पढ़ते हैं।

  हम सहपाठी है।

- **अनेक शब्दों के लिए एक शब्द के उदाहरण-**

अनेक शब्द	**एक शब्द**
जिसका मूल्य न आँका जा सके	अमूल्य
जिसके माता-पिता न हों	अनाथ
जो कभी न मरे	अमर
जिसके दिल में दया हो	दयालु
भगवान को मानने वाला	आस्तिक
भगवान को न मानने वाला	नास्तिक
जो सदा सत्य बोलता हो	सत्यवादी
जिसके आने की तिथि न हो	अतिथि
जिसका भाग्य बहुत अच्छा हो	भाग्यवान
जो स्त्री कविता लिखती हो	कवयित्री
अपने देश की वस्तु	स्वदेशी
दूसरे देश की वस्तु	विदेशी
जो बहुत बोलता हो	बाचाल

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

जिसे किसी का डर न हो	निडर
प्रतिदिन होने वाला	दैनिक
सप्ताह में एक बार होने वाला	साप्ताहिक
पंद्रह दिन में एकबार होने वाला	पाक्षिक
महीने में एकबार होने वाला	मासिक
वर्ष में एकबार होने वाला	वार्षिक
गाँव में रहने वाला	ग्रामीण
शहर में रहने वाला	शहरी
जो मांस खाता हो	मांसाहारी
जो केवल फल-सब्जी खाता हो	शाकाहारी
साथ पढ़ने वाला	सहपाठी
जो कला की रचना करे	कलाकार

आइए, अब लिखें-

१. बॉक्स में से सही शब्द छाँटकर वाक्यांश के सामने लिखिए-

(दैनिक, चित्रकार, आस्तिक, शहरी, स्वदेशी)

क) अपने देश की वस्तु - स्वदेशी

ख) जो चित्र बनाता हो - चित्रकार

ग) प्रतिदिन होने वाला - दैनिक

घ) शहर में रहनेवाला - शहरी

ङ) भगवान को मानने वाला - आस्तिक

२. निम्नलिखित वाक्यों में रंगीन शब्दों के लिए एक शब्द का प्रयोग करते हुए वाक्य दुवारा लिखिए।

क) राजीब बहुत ज्यादा बोलता है। - राजीब **वाचाल** है।

ख) अमन चित्र बनाता है। - अमन **चित्रकार** है।

ग) दीपिका सदा सत्य बोलती है। - दीपिका **सत्यवादी** है।

घ) नमित का भाग्य बहुत अच्छा है। - नमित **भाग्यवान** है।

३. उचित शब्दों द्वारा खालीस्थान भरिए।

क) शेर केवल मांस खाता है, वह **मांसाहारी** है।

ख) हरिलाल गाँव का रहने वाला है, वह **ग्रामीण** है।

ग) सुभद्रा कुमारी चौहान ने अनेक कविताएँ लिखी, वे **कवयित्री** थी।

घ) मित्रता का मूल्य नहीं आँका जा सकता, वह **अमूल्य** है।

४. गुब्बारे में अनेक शब्दों के लिए एकशब्द लिखिए।

क) सप्ताह में एकबार होने वाला - साप्ताहिक

ख) साक-सब्जी खाने वाला - शाकाहारी

ग) जो साथ पढ़ता हो - सहपाठी

घ) बहुत बोलने वाला - वाचाल

ODM ©©© EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow